आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 18.04.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- युवा खिलाड़ियों और नई प्रतिभाओं को मंच देने के लिए प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में विधायक खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित होगी।
- अगले माह से शुरू हो रहे आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट एक मई से जारी होंगे।
- विश्व पुस्तक दिवस पर प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।
- 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 28 अप्रैल से शुरू होगी।

विधायक खेल कूद प्रतियोगिता

प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में विधायक खेल कूद प्रतियोगिता होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधानसभा स्तर पर होने वाली इन प्रतियोगिताओं में युवा खिलाड़ियों और नई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

राज्य सचिवालय में युवा कल्याण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं में बढ़ती इलेक्ट्रानिक संस्कृति (ई कल्चर) को प्ले ग्राउंड संस्कृति (पी– कल्चर में) बदलने की आवश्यक जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को खेलों से जोड़ा जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उन्हें साहसिक खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण, सेना, अर्द्धसेना और पुलिस बलों में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएं। श्री धामी ने कहा कि युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए परामर्श केंद्र स्थापित कर उन्हें, शिक्षा, रोजगार अन्य विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अच्छे प्रशिक्षण के साथ ही अधिकतम सुविधा देने के निर्देश अधिकारियों को दिये दिए।

बच्चों की उपस्थिति

उत्तरकाशी के मुख्य विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाने और छात्रावास में छात्रों की सुविधाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी व उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र–छात्राओं को रोजगार और प्लेसमेंट्स को बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देने को कहा।

जिला मुख्यालय में आयोजित एसडीजी से संबंधित विभागों की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सेमवाल ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अटल आयुष्मान कार्ड की संख्या, गर्भवती महिलाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और गर्भवती महिलाओं की एनीमिया की जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वहीं जल संस्थान और पेयजल निगम को हर घर स्वच्छ जल की उपलब्धता कराने और समय पर जल की गुणवत्ता संबंधी परीक्षण करने के लिए गांवों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर सहयोग लेने को कहा है।

भर्ती रोक

नैनीताल हाई कोर्ट ने अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चगेठी में अनुदेशक और अनुसेविका के तीन पदों में चल रही भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

उत्तराखंड पुलिस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस जनता से मित्रवत व्यवहार रखे और जमीन के विवादों में लिप्त न हो। पुलिस मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड शांतिपूर्ण राज्य है। इसे अपराधी सुरक्षित पनाहगाह न समझें। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को राज्य में गैर कानूनी तौर पर रहने वाले विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। श्री धामी ने कहा ऐसे घुसपैठियों को फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में सहायता करने वाले लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए।

आदि कैलाश

पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा पर स्थित आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा आगामी एक मई से शुरू होगी। जिला प्रशासन ने यात्रा के सभी इंतजाम पूरे कर लिए हैं। पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि यात्रा मार्ग पूरी तरह खोल लिया गया है। साथ ही जहां पर मार्ग खराब है, बीआरओ उसे ठीक करने में जुटी हुई है। श्री आर्य ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी एक मई से यात्रा के लिए इनर लाइन परमिट तहसील मुख्यालय धारचूला के साथ–साथ जिला मुख्यालय से जारी किए जाएंगे। कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने भी यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने बताया कि कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से 14 मई से यात्रा की शुरुआत की जाएगी। इस दिन काठगोदाम से केएमवीएन की ओर से यात्रा करने जा रहे यात्रियों का पहला दल रवाना होगा।

## संस्कृत शिक्षा

उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषदीय बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय सभागार में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। परीक्षा में इस साल पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल 95 दशमलब दो चार प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष का 91 दशमलब चार पांचप्रतिशत रहा। पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) में पौड़ी के आलोक कुकरेती ने 90 प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) में इसी जिले के अभिषेक ममगई ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया है।

## अर्द्धकुंभ 2027

मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन ने हरिद्वार को अर्द्धकुंभ 2027 को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने हरिद्वार में 2027 में होने वाले अर्द्धकुंभ  के लिए अधिकारियों को सात दिन में नोडल अधिकारी नामित करने के साथ ही समितियां बनाने के निर्देश दिये हैं। सचिवालय में अर्द्धकुंभ की तैयारियों की बैठक लेते हुए मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी हरिद्वार को अर्द्धकुंभ 2027 के तहत शाही स्नान वाले विशेष दिवसों पर श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या का आंकलन करते हुए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कनेक्टिविटी बढ़ने से श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने इसके अनुरूप श्रद्धालुओं संख्या का आंकलन करते हुए पार्किंग एवं ट्रैफिक मूवमेंट योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विशेषज्ञों से आंकलन कराए जाने के उपरांत योजनाएं तैयार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने के साथ ही पुराने पार्किंग स्थलों की क्षमता बढ़ाए जाने और हरिद्वार क्षेत्र में ऑडिटोरियम और सांस्कृतिक केंद्र बनाने के भी निर्देश दिए।

## विश्व पुस्तक दिवस

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देश पर 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न मतदाता जागरूकता क्रियाकलाप होंगे। सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विश्व पुस्तक दिवस सहित अन्य स्वीप गतिविधियों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में  सभी जिलों ने विश्व पुस्तक दिवस के लिए की गई अपनी तैयारियों एवं योजना की जानकारी दी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों को आदेश दिए कि विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पुस्तकालयों या महाविद्यालयों में स्वीप के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी, मतदाता शपथ, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, सहित अन्य रचनात्मक क्रियाकलाप करवाए जाएं।

नेपाल सीमा

नेपाल सीमा से सटे टनकपुर और बनबसा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सीओ राणा ने बताया कि अभी टनकपुर के पीलीभीत चुंगी समेत अनेक मुख्य स्थानों पर करीब 30 सीसीटीवी कैमरे कार्य कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि टनकपुर में 70 और नए सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरु कर दिया है। बनबसा में 60 नए कैमरे लगाए जा रहे हैं। श्री राणा ने बताया कि नए कैमरे संवेदनशील बैराज मार्ग और प्रमुख स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था ने पोल लगाने का काम शुरू कर दिया है। पोल लगाने के साथ ही कैमरे लगा दिए जाएंगे और मई माह में टनकपुर कोतवाली और बनबसा थाने में कंट्रोल रुम शुरू हो जाएगा।

18 लाख पंजीकरण

30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए अब तक 18 लाख तीर्थयात्री पंजीकरण करा चुके हैं। वहीं चारधाम यात्रा के लिए 28 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होंगे। इसके लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, विकासनगर, हरर्बटपुर में 65 पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे। इसके साथ ही समूह में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का ठहरने वाले स्थान पर ही पंजीकरण कराया जाएगा।

पर्यटन विभाग के अनुसार इस बार 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन किए जा रहे हैं, जबकि 40 प्रतिशत पंजीकरण की व्यवस्था ऑफलाइन रहेगी।

ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराने वाले यात्री 28 अप्रैल से ऑफलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। चारधाम पंजीकरण के नोडल अधिकारी योगेंद्र गंगवार ने बताया कि 18 लाख से अधिक ऑनलाइन पंजीकरण हो चुके हैं, इनमें 16 हजार 741 से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है।

मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश कई हिस्सों में बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार 18, 19 और 20 अप्रैल को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में झोंकेदार हवा चलने के साथ ही कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 18 अप्रैल को देहरादून समेत उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिले में तेज झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 19 अप्रैल देहरादून समेत हल्द्वानी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर के कुछ क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 18 से 19 अप्रैल के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश व ओलावृष्टि होने की भी संभावना है।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

वक्फ को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनाई की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। हिंदुस्तान लिखता है– वक्फ बोर्ड में अभी नई नियुक्तियां नहीं। अमर उजाला ने लिखा है। फिलहाल नहीं बदलेगी वक्फ की संपति की स्थिति, नई नियुक्ति भी नहीं होगी।

नवोदय टाइम्स ने लिखा है– केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को किया आश्वस्त।

चारधाम यात्रा के लिए आफलाइन पंजीकरण की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उलाला लिखता है– आफ लाइन पंजीकरण 28 अप्रैल से।

उत्तराखंड में बारिश की चेतावनी की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। हिंदुस्तान लिखता है उत्तराखंड में तीन दिन बारिश और अंधड के आसार। दैनिक जागरण ने लिखा है। शनिवार को प्रदेशभर में आरेंज अलर्ट, सभी जिलों को सतर्क रहने व एहतियाती कदम उठाने की सलाह।